Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-03-2006

Participants : Shakya Shri Raghuraj Singh

an>

Title : Need to construct an underground subway on National Highway No. 2 between Agra and Kanpur in Etawah district of Uttar Pradesh.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा) : उपाध्यक्ष जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। राट्रीय राजमार्ग संख्या दो का काम बड़ी तेज प्रगति पर चल रहा है। मेरे लोक सभा क्षेत्र इटावा में धौलपुर खेड़ा में ओवरब्रिज न होने के कारण लोगों को बड़ी दिक्कत होती है। हमने कई बार भूतल ए वं परिवहन मंत्री जी से निवदेन किया है कि वहां दो प्राइमरी स्कूल्स और एक इंटर कालेज है। अगर वहां एक छोटा सा पुल बना दिया जाए, तो पानी की निकासी भी हो जाएगी और बच्चे भी नीचे से निकल सकेंगे। इसी तरह से इटावा के साथ लगा हुआ मैनपुरी जनपद है। वहां नौरमई में भी एक प्राइमरी स्कूल और एक इंटर कालेज है। वहां भी एक पुल की आवश्यकता है। इसके अलावा औरैया जनपद में भी खानपुर चौराहे के पास एक इंटर कालेज है और बहुत बड़ा मंदिर भी है। वहां पर रेवाइन्स का इलाका है और लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। वहां नेशनल हाइवे का रोड है। हमने वहां पर भी एक पुल की मांग की थी। मक्खन पुर से इटावा तक का काम चालू हो गया है, लेकिन इटावा बाईपास का काम रुका हुआ है। मंत्री जी ने पहले कहा था कि अक्टूबर 2005 तक इस बाईपास का काम शुरू कर दिया जाएगा, लेकिन इस समय मार्च 2006 चल रहा है, इटावा बाईपास का काम शुरू नहीं किया गया है। मैं भूतल एवं परिवहन मंत्री जी से और सरकार से निवेदन कर रहा हूं कि ये जो दो-तीन पुलों की मैंने मांग की है, इनका निर्माण जल्द कराया जाए। इसके साथ ही इटावा बाईपास का निर्माण भी तुरंत शुरू कराया जाए, क्योंकि वहां कई दुर्घटनाएं होती रहती हैं और लोगों को धूल आदि से परेशानी होती है। इसलिए इस काम को पुनः शुरू कराया जाए।